समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# छत्तीसगढ़ : गौरेला-पेंड्रा-मरवाही मे छात्रावास अधीक्षक संघ का स्थापना दिवस, आदिवासी बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

Awas Kaiwart

Published on 31 Jul 2026




छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की जिला इकाई गौरेला-पेंड्रा-मरवाही द्वारा संघ का स्थापना दिवस बैगा बसाहट क्षेत्र स्थित **बालक आश्रम देवरगांव** में उत्साह, सेवा भावना और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी एवं विशेष रूप से बैगा समुदाय के बच्चों के शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल बैग, वाटर बॉटल, स्पोर्ट्स किट और ट्रैक सूट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में **कलेक्टर विजय दयाराम** मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि **जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा** विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्रावास अधीक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस के अवसर पर नियमित छात्रावास अधीक्षक संवर्ग की ओर से आश्रम में अध्ययनरत बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर विजय दयाराम ने स्वयं बच्चों को सामग्री प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में **जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे**, **आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त गोपेश मनहर**, **जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा** तथा **देवरगांव की सरपंच बिरासिया बाई** ने भी बच्चों को सामग्री वितरित की। सभी अतिथियों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें मेहनत और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

इस अवसर पर आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अतिथियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य **पवन पैकरा** ने कहा कि बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। उनके

सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रावास अधीक्षक संघ केवल कर्मचारियों के हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और विशेष रूप से आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को भी समान अवसर मिल सकें।

संघ के **प्रदेश अध्यक्ष उदेश सिंह तोमर** ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ का स्थापना दिवस प्रदेश के सभी जिलों में सेवा और सामाजिक दायित्वों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संघ अपने कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि स्थापना दिवस समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत **24 जुलाई** को जिला अध्यक्ष **प्रीतु राज सिंह बिसेन** एवं जिला उपाध्यक्ष **ईश्वर साहू** के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय गौरेला में नियमित छात्रावास अधीक्षकों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया था। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर मानव सेवा का संदेश भी दिया गया।

**बालक आश्रम देवरगांव** के अधीक्षक एवं संघ के जिला कोषाध्यक्ष **महेश्वर श्रीवास** ने बताया कि यह आश्रम बैगा बसाहट क्षेत्र में संचालित है, जहां स्वीकृत 50 सीटों में से 23 छात्र बैगा समुदाय से हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं और उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा करते हैं।

उन्होंने बताया कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। छात्रावास अधीक्षक संघ इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी इस तरह की सामाजिक गतिविधियां जारी रखेगा।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों ने छात्रावास अधीक्षक संघ की इस जनहितैषी पहल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा, सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी के माध्यम से आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Awas Kaiwart, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.